K–55

BHDE–107/EHD–7

Total No. of Questions : **11+11**] [Total No. of Printed Pages : **7**

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2014

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

BHDE-107 : हिन्दी संरचना

Time : 3 Hours] **[Maximum Marks : 100**

नोट :– खण्ड 'ख' अनिवार्य है।

खण्ड—क

नोट :– निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 4×15=60

1. प्रोक्ति संरचना की विशेषताएँ उदाहरण सहित समझाइए।

2. 'मूल स्वर' को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. रूपिम का अर्थ बताते हुए उसके भेदों-प्रभेदों को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4. प्रत्यय से क्या तात्पर्य है ? इसे स्पष्ट करते हुए उदाहरण सहित यह भी बताइए कि प्रकार्य की दृष्टि से प्रत्यय कितने प्रकार के होते हैं ?

5. अन्विति क्या है ? हिन्दी में अन्विति के विभिन्न प्रकारों का विवेचन उदाहरण सहित कीजिए।

6. वाच्य किसे कहते हैं ? इसे समझाते हुए यह भी बताइए कि वाच्य कितने प्रकार के होते हैं ?

7. देवनागरी लिपि के मानकीकरण पर प्रकाश डालिए।

8. हिन्दी की प्रयुक्तियों का विवेचन उदाहरण सहित कीजिए।

खण्ड—ख

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×5=20

(क) भाषा, समाज और संस्कृति

(ख) आघात

(ग) हिन्दी पदबंध

(घ) रूप-स्वनिमिक परिवर्तन

(ङ) पुनरुक्त शब्द

(च) वृत्ति

(छ) देवनागरी लिपि

(ज) हिन्दी भाषा की शैलियाँ।

10. कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार दिए गए वाक्यों को बदलिए : 5×2=10

(क) माँ बच्चे को दूध पिलाती है।

(प्रेरणार्थक क्रिया में बदलिए, 'नौकरानी' माध्यम है)

(ख) रमेश ने घर जाकर भोजन किया। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) मुझसे गिलास टूट गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए)

(ज) भाषा का सबसे बड़ा गुण संप्रेषण है। ( )

(झ) उपसर्गों और प्रत्ययों से विलोम शब्द नहीं बनते। ( )

(ञ) सामाजिक शैली का विकास हर संस्कृति अपने ढंग से करती है। ( )

(घ) समुद्र के किनारे जो शंख पड़े थे, वे बहुत छोटे थे।

(सरल वाक्य में बदलिए)

(ङ) मोहन से ली गई पुस्तक फट गई है।

(मिश्र वाक्य में बदलिए)

11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर हाँ (√) अथवा नहीं (x) में दीजिए : 10x1=10

(क) जिनका उच्चारण बिना स्वर के नहीं होता, वे व्यंजन ध्वनियाँ हैं। ( )

(ख) य, व अर्ध स्वर के रूप में अन्य भाषाओं में मान्य नहीं हैं। ( )

(ग) शब्द भाषा की न्यूनतम स्वतंत्र एवं अर्थवान इकाई है। ( )

(घ) शब्द के मुख्य अर्थ का पता प्रत्ययों से चलता है। ( )

(ङ) अनुकरणमूलक तथा रणनमूलक शब्दों में कोई भेद नहीं होता। ( )

(च) भाव वाच्य में क्रिया कर्म के अनुसार लिंग, वचन बदलती है। ( )

(छ) संयुक्त क्रिया में एक मुख्य क्रिया और दूसरी रंजक क्रिया होती है। ( )

BHDE–107/EHD–7

स्नातक उपाधि कार्यक्रम

सत्रांत परीक्षा

जून, 2014

ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

EHD–7 : हिन्दी संरचना

Time : 3 Hours] **[Maximum Marks : 100**

नोट :– खण्ड 'ख' अनिवार्य है।

खण्ड—क

नोट :– निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×15=60

1. 'स्वन', 'संस्वन' और 'स्वनिम' का अंतर सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।
2. 'शब्द' और 'पद' का अंतर स्पष्ट करते हुए शब्द-निर्माण प्रक्रिया के प्रमुख आधारों की चर्चा कीजिए।
3. वाक्य का स्वरूप स्पष्ट करते हुए सरल वाक्य के विभिन्न प्रकारों पर प्रकाश डालिए।
4. अर्थ के आधार पर वाक्य के विभिन्न प्रकारों का सोदाहरण विवेचन कीजिए।
5. भाषा के सामाजिक संदर्भ की व्याख्या कीजिए।
6. देवनागरी लिपि की विशेषताएँ बताते हुए इसके गुणों और दोषों पर विचार कीजिए।
7. हिन्दी वर्तनी की मुख्य समस्याओं के कारणों का विश्लेषण कीजिए।
8. हिन्दी की ध्वनियों और उसकी लेखन व्यवस्था का सोदाहरण परिचय दीजिए।

खण्ड—ख

9. किन्हीं **चार** पर टिप्पणियाँ लिखिए : 4×5=20

(i) संयुक्त शब्द

(ii) पदबंध

(iii) पूर्णांग और अल्पांग वाक्य

(iv) प्रोक्ति

(v) अनेकार्थी शब्द

(vi) हिन्दी के रिश्ते-नाते की शब्दावली

(vii) हिन्दी के खंडेतर स्वनिम

(viii) प्रयोजनमूलक हिन्दी।

10. उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त-स्थान की पूर्ति कीजिए : 5×2=10

(i) हिन्दी शब्दों के अंत में .... स्वर का उच्चारण नहीं होता।

(अ, आ, इ)

(ii) 'सुधाकर बीमार है' में 'सुधाकर' .... है।

(विधेय, उद्देश्य, कारक)

(iii) हिन्दी में अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग .... का उदाहरण है।

(कोड मिश्रण, कोड आगम, कोड अंतरण)

(iv) देवनागरी लिपि का उद्भव .... लिपि से हुआ है।

(खरोष्ठी, ब्राह्मी, सैंधव)

(v) ध्वनियों के लिपि चिह्नों को .... कहा जाता है।

(स्वर, युग्म, वर्ण)

11. निम्नलिखित वाक्यों को कोष्ठक में दिए गए निर्देश के अनुसार बदलिए : 5×2=10

(क) मुझे आपके घर आना है। (प्रश्नवाचक वाक्य में बदलिए)

(ख) बाहर अंधेरे में कुछ दिखाई नहीं दे रहा था।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(ग) वह अपना नुकसान खुद कर रहा है।

(इसे मुहावरेदार शैली में अभिव्यक्त कीजिए)

(घ) रश्मि ने लाल किला देखा।

(इसे कर्मवाच्य में परिणत कीजिए।)

(ङ) नीला है कंठ जिसका। (इसे समस्त पद में रूपांतरित कीजिए।)